समाहरणालय, पटना
(जिला स्थापना शाखा)

फोन नं0–0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0–0612–2218900
E-mail ID-edcpatna@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

आदेश

अपर मिशन निदेशक, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी (सा0प्र0वि0), बिहार पटना से प्राप्त दिशा–निदेश के आलोक में कार्यपालक सहायकों को जिला के भिन्न–भिन्न कार्यालय आर0टी0पी0एस0, लोक शिकायत निवारण कार्यालयों, अनुमण्डल कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय में आवश्यकतानुसार नियोजन किया गया है तथा सेवा प्रदान की गयी है। ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ पदाधिकारी अपने स्तर से कार्यपालक सहायकों की प्रतिनियुक्ति आदेश निर्गत कर रहे है। अधोहस्ताक्षरी के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी द्वारा निर्गत किय गये पूर्व के सभी प्रतिनियुक्ति आदेश को रद्द किया जाता है।

उपरोक्त स्थिति में निदेश दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के आदेश के बिना किसी भी कार्यपालक सहायक की प्रतिनियुक्ति नहीं की जायेगी। और यदि आवश्यक होगा तो इसके लिए सुस्पष्ट प्रस्ताव कारण सहित अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जायेगा। तदोपरांत प्रतिनियुक्ति की कार्रवाई की जायेगी।

जिला पदाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–...XXXV-05/2020...2196.../स्था0, पटना, दिनांक–28/12/2020

प्रतिलिपि :– आई0टी0 प्रबंधक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाय।

प्रतिलिपि :– जिला स्तरीय कार्यालय के प्रभारी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाय।

प्रतिलिपि :– सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि–सुधार उप समाहर्त्ता, को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाय।

28/12/20

जिला पदाधिकारी,
पटना।